## तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में वीयू–कुलपति को लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया





नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज महू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 13–15 अक्टूबर, 2025 को सोसाइटी फॉर वेटरनरी एंड एनिमल हसबैंड्री एक्सटेंशन (SVAHE–2025) के 7वें नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के एक्सटेंशन के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। जिसमें हमारे माननीय कुलपति महोदय डॉ. मंदीप शर्मा जी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा–वीयू को सोसाइटी फॉर वेटरनरी एंड एनिमल हसबैंड्री एक्सटेंशन द्वारा फेलोशिप प्रदान की गई। साथ ही इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में वेटरनरी कॉलेज जबलपुर की डॉ. रुचि सिंह को बेस्ट वुमन एक्सटेंशन साइंटिस्ट अवार्ड और उनकी स्टूडेंट डॉ. प्रतीक्षा विशाल को बेस्ट डटैब थीसिस अवार्ड मिला। वैलेडिक्टरी फंक्शन के दौरान, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, वेटरनरी एक्सटेंशन डिपार्टमेंट जबलपुर ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। डॉ. रश्मि विश्वकर्मा, Ph.D. स्कॉलर और डॉ. प्रियंका प्रजापति को बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड दिया गया।




सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर